# KVS NVS Question paper held on 11 Jan 2026 shift 2


## PART - I / भाग - I

## GENERAL REASONING / सामान्य तर्क

**Direction :** *Answer the following questions (Q. Nos 1 to 20) by selecting the correct/most appropriate options.*


**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 1 से 20) के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।

1. The Venn diagram below best represents the relationship among which of the classes given in the options ?



(1) Birds, Parrot, Bats
(2) Brass, Boat, Ship
(3) Men, Doctors, Fathers
(4) Flowers, Clothes, White

नीचे दिया गया वेन आरेख विकल्पों में दिए गए वर्गों में से किस वर्ग के बीच के संबंध को सबसे बेहतर ढंग से दर्शाता है?



(1) पक्षी, तोता, चमगादड़
(2) पीतल, नाव, जहाज़
(3) पुरुष, डॉक्टर, पिता
(4) फूल, कपड़े, सफ़ेद

2. W, X, U, Z, T, Y and V are family members. There are four male members. Each of them has a different choice of holiday destination - France, England, Canada, Japan, Singapore, Australia and Germany (not necessarily in the same order). No lady's choice is either Germany or England. The member whose choice is England is the eldest. W's choice is Canada and he is younger to Y, whose choice is Japan. V whose choice is Singapore is elder to T and younger to W. Z's wife is the youngest. X is younger to T and is elder to U only. X is an unmarried lady with France as choice. The member with Germany choice is not the youngest. What is the choice of T ?

(1) England (2) Germany (3) Japan (4) Australia

W, X, U, Z, T, Y और V परिवार के सदस्य हैं। परिवार में चार पुरुष सदस्य हैं। प्रत्येक की छुट्टियाँ मनाने के लिए अलग-अलग स्थान हैं - फ्रांस, इंग्लैंड, कनाडा, जापान, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों)। किसी भी महिला की पसंद जर्मनी या इंग्लैंड नहीं है। जिस सदस्य की पसंद इंग्लैंड है, वह सबसे बड़ा है। W की पसंद कनाडा है और वह Y से छोटा है, Y की पसंद जापान है। V, जिसकी पसंद सिंगापुर है, T से बड़ा और W से छोटा है। Z की पत्नी सबसे छोटी है। X, T से छोटी है और केवल U से बड़ी है। X एक अविवाहित महिला है जिसकी पसंद फ्रांस है। जर्मनी की पसंद वाला सदस्य सबसे छोटा नहीं है। T की पसंद क्या है ?

(1) इंग्लैंड (2) जर्मनी (3) जापान (4) ऑस्ट्रेलिया

3. Select the number that will replace the question mark (?) in the following series.

निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आने वाली संख्या का चयन कीजिए।

8, 4, 4, 6, 12, 30, ___?___.

(1) 70 (2) 80 (3) 90 (4) 60

4. B is the husband of P. Q is the grandson of E who is wife of D and mother-in-law of P. Q said "X is the husband of the granddaughter of E". How is P related to the X ?

(1) Sister-in-law (2) Father-in-law (3) Brother-in-law (4) Mother-in-law

B, P का पति है। Q, E का पोता है, E, D की पत्नी और P की सास है। Q ने कहा, "X, E की पोती का पति है"। P, X से किस प्रकार संबंधित है ?

(1) ननद (2) ससुर (3) देवर (4) सास

5. Giri and Vani play badminton while Jeeva and Shalu do not play badminton. Shalu and Tanu are among swimmers. Jeeva, Vani, Shalu and Tanu play volleyball and two of them also play badminton. Who among the following play all the sports ?

(1) Tanu (2) Vani (3) Jeeva (4) Giri

गिरि और वाणी बैडमिंटन खेलते हैं जबकि जीवा और शालू बैडमिंटन नहीं खेलते। शालू और तनु तैराक हैं। जीवा, वाणी, शालू और तनु वॉलीबॉल खेलते हैं और उनमें से दो बैडमिंटन भी खेलते हैं। निम्नलिखित में से कौन सभी खेल खेलता है ?

(1) तनु (2) वाणी (3) जीवा (4) गिरि

6. If

(a) 'M%N' means 'N is the father of M'.
(b) 'M − N' means 'N is the mother of M'.
(c) 'M × N' means 'N is the brother of M'.
(d) 'M + N' means 'N is the sister of M'.
(e) 'M*N' means 'N is the son of M'.
(f) 'M#N' means 'N is the daughter of M'.

Then, how is U related to P in the U # T × S + R × Q % P expression ?

(1) Wife (2) Sister (3) Mother-in-law (4) Husband

यदि

(a) 'M%N' का अर्थ है 'N, M का पिता है'।
(b) 'M − N' का अर्थ है 'N, M की माता है'।
(c) 'M × N' का अर्थ है 'N, M का भाई है'।
(d) 'M + N' का अर्थ है 'N, M की बहन है'।
(e) 'M*N' का अर्थ है 'N, M का पुत्र है'।
(f) 'M#N' का अर्थ है 'N, M की पुत्री है'।

तो U # T × S + R × Q % P व्यंजक में U, P से किस प्रकार संबंधित है ?

(1) पत्नी (2) बहन (3) सास (4) पति

4008808085

In the following question a statement is followed by two **conclusions** numbered (I) and (II). Assume the statement to be true and consider the two conclusions together. Decide which of the conclusions logically follow/follows.

**Statement :** A company has launched the new product, go ahead to purchase if its price and quality are in your consideration.

**Conclusions :** (I) The product must be good in quality.

(II) The price of the product must be reasonable.

(1) Only **conclusion (II)** follows.

(2) Both **conclusions (I)** and **(II)** follow.

(3) Neither **conclusion (I)** nor **conclusion (II)** follows.

(4) Only **conclusion (I)** follows.

निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन के बाद दो **निष्कर्ष** (I) और (II) दिए गए हैं। कथन को सत्य मानते हुए दोनों निष्कर्षों पर एक साथ विचार कीजिए और तय कीजिए कि कौन सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन :** एक कंपनी ने नया उत्पाद लॉन्च किया है, यदि आप इसकी कीमत और गुणवत्ता को ध्यान में रखते हैं तो इसे खरीद सकते हैं।

**निष्कर्ष :** (I) उत्पाद की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए।

(II) उत्पाद की कीमत उचित होनी चाहिए।

(1) केवल **निष्कर्ष (II)** अनुसरण करता है।

(2) दोनों **निष्कर्ष (I)** और **(II)** अनुसरण करते हैं।

(3) न तो **निष्कर्ष (I)** और न ही **निष्कर्ष (II)** अनुसरण करता है।

(4) केवल **निष्कर्ष (I)** अनुसरण करता है।

8. Study the following letter sequence and answer the question :

(Left) M G Q X V W K H R C Y U J D L S Z F B O T E A P I N (Right)

If the order of last eleven letters in the given sequence are reversed, which of the following will be the fifth letter to the left of twelfth letter from the left end ?

निम्नलिखित अक्षर अनुक्रम का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए :

(बाएँ) M G Q X V W K H R C Y U J D L S Z F B O T E A P I N (दाएँ)

यदि दिए गए अनुक्रम में अंतिम ग्यारह अक्षरों के क्रम उलट दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर बाएँ छोर से बारहवें अक्षर के बाईं ओर पाँचवाँ अक्षर होगा ?

(1) Z (2) O (3) U (4) K



N I P A E T (O) B F Z S L D J U Y C R H K W V

X Q G M

9. In the evening, Akash started jogging from his home following his shadow, he jogged for 60 m. Then by turning to his left he walked for 50 m. After that he cycled for 60 m to his left. His wife called him to inform that she is at milk booth which is 120 m East from their house. In which direction is Akash with respect to his wife and what is the shortest distance between them ?

(1) South-East, 130 m
(2) North-West, 110 m
(3) South-East, 110 m
(4) North-West, 130 m

शाम को आकाश अपने घर से अपनी परछाईं के पीछे-पीछे जॉगिंग करने निकला। उसने 60 मीटर जॉगिंग की। फिर बाईं ओर मुड़कर वह 50 मीटर चला। उसके बाद वह बाईं ओर 60 मीटर साइकिल चलाकर गया। उसकी पत्नी ने उसे फोन करके बताया कि वह दूध की दुकान पर है जो उनके घर से 120 मीटर पूर्व में है। आकाश अपनी पत्नी के सन्दर्भ में किस दिशा में है और उनके बीच न्यूनतम दूरी कितनी है ?

(1) दक्षिण-पूर्व, 130 मीटर
(2) उत्तर-पश्चिम, 110 मीटर
(3) दक्षिण-पूर्व, 110 मीटर
(4) उत्तर-पश्चिम, 130 मीटर

10. In the following question, a relationship between different elements is shown in the statement followed by three conclusion numbered (I), (II) and (III). Assuming statement to be true, decide which of the conclusions is/are definitely true.

Statement : $P \geq Q, P < R, Q > S$

Conclusions :
(I) $S < R$
(II) $R > Q$
(III) $S < P$

(1) Only **conclusion (II)** is true.
(2) Only **conclusions (II)** and **(III)** are true.
(3) All **conclusions (I), (II)** and **(III)** are true.
(4) Only **conclusions (I)** and **(III)** are true.

निम्नलिखित प्रश्न में, कथन में विभिन्न तत्वों के बीच के संबंध को दर्शाया गया है जिसके बाद (I), (II) और (III) से क्रमांकित तीन निष्कर्ष दिए गए हैं। कथन को सत्य मानते हुए, निर्णय कीजिए कि कौन सा/से निष्कर्ष निश्चित रूप से सत्य है/हैं।

कथन : $P \geq Q, P < R, Q > S$

निष्कर्ष :
(I) $S < R$
(II) $R > Q$
(III) $S < P$

(1) केवल **निष्कर्ष (II)** सत्य है।
(2) केवल **निष्कर्ष (II)** और **(III)** सत्य हैं।
(3) सभी **निष्कर्ष (I), (II)** और **(III)** सत्य हैं।
(4) केवल **निष्कर्ष (I)** और **(III)** सत्य हैं।

11. Two statements are given below and these are labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**.

**Assertion (A) :** All maps are exact representations of Earth.

**Reason (R) :** The Earth is a sphere, maps are flat.

Select the **correct** answer from the following options :

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(2) (A) is true but (R) is false.

(3) (A) is false but (R) is true.

(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

नीचे दो कथन दिए गए हैं और इन्हें **अभिकथन** (A) और **कारण** (R) के रूप में नामित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** सभी मानचित्र पृथ्वी का सटीक प्रतिनिधित्व करते हैं।

**कारण (R) :** पृथ्वी एक गोला है, मानचित्र समतल है।

निम्नलिखित विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(2) (A) सत्य है लेकिन (R) असत्य है।

(3) (A) असत्य है लेकिन (R) सत्य है।

(4) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

12. Eight persons E, F, G, H, I, J, K and L are seated around a square table two on each side. There are three lady members and they are not seated next to each other. J is between L and F. G is between I and F. H, a lady member, is second to the left of J. F, a male member is seated opposite E, a lady member. There is a lady member between F and I. Who among the following are the three lady members ?

(1) E, G and J (2) E, H and G (3) G, K and L (4) G, H and J

आठ व्यक्ति E, F, G, H, I, J, K और L एक वर्गाकार मेज के चारों ओर बैठे हैं और प्रत्येक भुजा पर दो-दो व्यक्ति बैठे हैं। इनमें से तीन महिला सदस्य हैं और वे एक-दूसरे के बगल में नहीं बैठी हैं। J, L और F के बीच में है। G, I और F के बीच में है। H, एक महिला सदस्य, J के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। F, एक पुरुष सदस्य, E जो एक महिला सदस्य है के विपरीत बैठा है। F और I के बीच एक महिला सदस्य है। निम्नलिखित में से तीन महिला सदस्य कौन हैं ?

(1) E, G और J (2) E, H और G (3) G, K और L (4) G, H और J

13. Five orders V, W, X, Y and Z were served one after the other, only one at a time. Y or Z was not be either the first or last served. X was immediately served after Z. W was served immediately after Y. One order was served between V and W. How many orders were served between Y and Z ?

पाँच ऑर्डर V, W, X, Y और Z एक के बाद एक, एक-एक करके परोसे गए। Y या Z न तो पहले परोसे गए और न ही आखिरी। X को Z के तुरंत बाद परोसा गया। W को Y के तुरंत बाद परोसा गया। V और W के बीच एक ऑर्डर परोसा गया। Y और Z के बीच कितने ऑर्डर परोसे गए ?

(1) 2 (2) 3 (3) 0 (4) 1

14. In the following series, some of the letters are missing which are given in that order as one of the alternatives. Choose the **correct** option.

निम्नलिखित श्रृंखला में, कुछ अक्षर लुप्त हैं, जो उसी क्रम में विकल्पों में दिए गए हैं। **सही** विकल्प चुनें।

dc_ab_dcdc_abad_dc_a

(1) bcbab (2) babcb (3) bbdcb (4) bdacb

15. Select the letter-number cluster that will replace the question mark (?) in the following series.

निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आने वाले अक्षर-संख्या समूह का चयन कीजिए।

B1V, D8T, H27P, N64J, ___?___.

(1) V125B (2) R128B (3) V128Y (4) R125Y

40080885

**16.** Four statements are given followed by three **conclusions (I), (II)** and **(III)**. Assuming the statements to be true even if they seem to be at variance with commonly known facts. Decide which of the given conclusions is/are logically follow/follows from the statements.

**Statements :** All fuses are pipes. No pipe is jack. Some jacks are pumps. All pumps are violins.

**Conclusions :**
(I) Some violins are pipes.
(II) Some jacks are violins.
(III) No fuse is jack.


(1) Only **conclusions (II)** and **(III)** follow.
(2) Only **conclusions (I)** and **(III)** follow.
(3) All **conclusions (I), (II)** and **(III)** follow.
(4) Only **conclusions (I)** and **(II)** follow.

58808004

चार कथनों के बाद तीन **निष्कर्ष (I), (II)** और **(III)** दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष दिए गए कथनों से निकलता है/निकलते हैं।

**कथन :** सभी फ़्यूज़, पाइप हैं। कोई पाइप, जैक नहीं है। कुछ जैक, पंप हैं। सभी पंप, वायलिन हैं।

**निष्कर्ष :**
(I) कुछ वायलिन, पाइप हैं।
(II) कुछ जैक, वायलिन हैं।
(III) कोई फ़्यूज़, जैक नहीं है।



(1) केवल **निष्कर्ष (II)** और **(III)** निकलते हैं।
(2) केवल **निष्कर्ष (I)** और **(III)** निकलते हैं।
(3) सभी **निष्कर्ष (I), (II)** और **(III)** निकलते हैं।
(4) केवल **निष्कर्ष (I)** और **(II)** निकलते हैं।


58808004

**17.** In a game, while Rohit was facing East rotated by 180° anticlock-wise and then rotated by 225° clockwise. Then he ran 60 m straight and turning to his right he ran for 400 m. Finally, after walking 30 m towards his left he stops. With respect to his initial position, now Rohit is in which direction and what is the shortest distance between his initial and last position ?


(1) North-East, 490 m
(2) South-West, 410 m
(3) North-West, 490 m
(4) South-East, 410 m

एक खेल में, रोहित पूर्व की ओर मुख करके 180° वामावर्त घुमा और फिर 225° दक्षिणावर्त घुमा। फिर वह 60 मीटर सीधा दौड़ा और दाईं ओर मुड़कर 400 मीटर दौड़ा। अंत में, वह बाईं ओर 30 मीटर चलकर रुक गया। अपनी प्रारंभिक स्थिति के अनुसार, अब रोहित किस दिशा में है और उसकी प्रारंभिक और अंतिम स्थिति के बीच न्यूनतम दूरी क्या है?


(1) उत्तर-पूर्व, 490 मीटर
(2) दक्षिण-पश्चिम, 410 मीटर
(3) उत्तर-पश्चिम, 490 मीटर
(4) दक्षिण-पूर्व, 410 मीटर



18. Study the given diagram carefully and answer the question. The numbers in different sections indicate the number of persons.




दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न खंडों में दी गई संख्याएँ व्यक्तियों की संख्या दर्शाती हैं।




How many uneducated salaried males are entrepreneurs ?
कितने अशिक्षित वेतनभोगी पुरुष उद्यमी हैं?

(1) 2 (2) 3 (3) 4 (4) 1

19. Five friends A, B, C, D and E are standing together one behind the other in a row of 40 students. A is standing behind C, but in front of B. C is standing behind E, but D is standing in front of E. If C is in 15th position from the last, what is the position of A from the beginning ?

(1) 27th (2) 15th (3) 26th (4) 14th

पाँच मित्र A, B, C, D और E, 40 छात्रों की एक पंक्ति में एक के पीछे एक खड़े हैं। A, C के पीछे, लेकिन B के आगे खड़ा है। C, E के पीछे, लेकिन D, E के आगे खड़ा है। यदि C पंक्ति के अंत से 15वें स्थान पर है, तो आरंभ से A का स्थान क्या है?

(1) 27वां (2) 15वां (3) 26वां (4) 14वां

20. Select the number that will replace the question mark (?) in the following series.
निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आने वाली संख्या का चयन कीजिए।

7864, 7839, 7812, ___?___, 7767, 7740

(1) 7794 (2) 7793 (3) 7792 (4) 7795

40080885

## PART - II / भाग - II

## NUMERICAL ABILITY / संख्यात्मक क्षमता

**Direction :** *Answer the following questions (Q. Nos **21 to 40**) by selecting the **correct/most appropriate** options.*

**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या **21** से **40**) के उत्तर देने के लिए* **सही/ सबसे उपयुक्त** *विकल्प चुनिए।*

**21.** A person invests two equal amounts at the rate of 15% and 18% simple interest per annum. If the total interest earned on these amounts in 2 years is ₹ 6,600, then the sum invested in each case is :

एक व्यक्ति ने दो समान धनराशियाँ 15% और 18% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेशित कीं। यदि इन धनराशियों पर 2 वर्ष में कुल ₹ 6,600 ब्याज के रूप में प्राप्त हुए, तो प्रत्येक धनराशि थी :

(1) ₹ 10,000 (2) ₹ 6,000 (3) ₹ 5,000 (4) ₹ 12,000

**22.** The value of $15 \times 6 \div 18 - 52 \div 13 \times 2 + 12 \div 6$ is :

$15 \times 6 \div 18 - 52 \div 13 \times 2 + 12 \div 6$ का मान है :

(1) 1 (2) $-5$ (3) $-1$ (4) 5

**23.** A bus covers a journey of 420 km in 6 hours 30 minutes. The first 75% of the distance was covered at a speed of 63 km/h. What was the speed of the bus for rest of the journey ?

एक बस ने 420 km की यात्रा 6 घंटे 30 मिनट में पूरी की। इस यात्रा की 75% दूरी 63 km/h की चाल से तय की गई। शेष यात्रा में उस बस की क्या चाल रही ?

(1) 65 km/h (2) 70 km/h (3) 75 km/h (4) 60 km/h

**24.** LCM and HCF of two numbers are 7056 and 28 respectively. If first number is divided by 3, the quotient is 84 and remainder 0. Then, the second number is :

दो संख्याओं के LCM (ल.स.) और HCF (म.स.) क्रमश: 7056 और 28 हैं। जब प्रथम संख्या को 3 से भाग दिया जाता है, तब भागफल 84 और शेषफल 0 प्राप्त होते हैं। तब, दूसरी संख्या है :

(1) 768 (2) 676 (3) 524 (4) 784

**25.** When a number is divided by 72, the remainder is 57. What will be the remainder when the same number is divided by 18 ?

जब किसी संख्या को 72 से भाग दिया जाता है, तब शेषफल 57 प्राप्त होता है। उसी संख्या को 18 से भाग देने पर क्या शेषफल प्राप्त होगा ?

(1) 11 (2) 9 (3) 3 (4) 17

26. If length of a rectangle is increased by 20% and its breadth is decreased by 10%, then what is the percent change in its area ?

(1) 10% decrease (2) 8% increase (3) 8% decrease (4) 10% increase

यदि किसी आयत की लंबाई में 20% की वृद्धि होती है तथा उसकी चौड़ाई में 10% की कमी होती है, तो उसके क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत परिवर्तन होगा ?

(1) 10% कमी (2) 8% वृद्धि (3) 8% कमी (4) 10% वृद्धि

27. The difference between the simple interest and compound interest, (interest compounded annually) on a certain sum for 2 years at 5% per annum is ₹ 42. Then, the sum is :

किसी धनराशि पर 5% वार्षिक दर से 2 वर्ष के साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज का अंतर ₹ 42 है। (ब्याज वार्षिक संयोजित है)। तब, वह धनराशि है :

(1) ₹ 9,600 (2) ₹ 16,000 (3) ₹ 16,800 (4) ₹ 8,400

28. If on selling 50 articles, a shopkeeper earns a profit equal to selling price of 10 articles, then gain percent of the shopkeeper is :

यदि 50 वस्तुओं को बेचने पर एक दुकानदार को 10 वस्तुओं के विक्रय मूल्य के बराबर का लाभ होता है, तो उस दुकानदार का लाभ प्रतिशत है :

(1) 20% (2) 12.5% (3) 10% (4) 25%

29. A and B can complete a work in 8 days; B and C can complete the same work in 12 days, while A, B and C can complete the same work in 6 days. In how many days can A and C complete this work ?

(1) 8 days (2) 7 days (3) 6 days (4) 10 days

A और B किसी कार्य को 8 दिन में पूरा कर सकते हैं, B और C उसी कार्य को 12 दिन में पूरा कर सकते हैं, जबकि A, B और C उसी कार्य को 6 दिन में पूरा कर सकते हैं। A और C इसी कार्य को कितने दिन में पूरा कर सकते हैं?

(1) 8 दिन (2) 7 दिन (3) 6 दिन (4) 10 दिन

30. The number of watches sold by a shopkeeper in the last six months of a year are given in the following table :

| Month | Number of Watches |
|---|---|
| July | 1500 |
| August | 1000 |
| September | 1500 |
| October | 2500 |
| November | 2000 |
| December | 1500 |

The total number of watches sold in the months of August and November (together) is what percent of the total watches sold in these six months ?

किसी वर्ष के अंतिम 6 महीनों में एक दुकानदार द्वारा बेची गई घड़ियों की संख्या निम्नलिखित सारणी में दर्शाई गई है :

| महीना | घड़ियों की संख्या |
|---|---|
| जुलाई | 1500 |
| अगस्त | 1000 |
| सितंबर | 1500 |
| अक्टूबर | 2500 |
| नवंबर | 2000 |
| दिसंबर | 1500 |

अगस्त और नवंबर में कुल मिलाकर बेची गई घड़ियों की संख्या इन 6 महीनों में बेची गई घड़ियों की संख्या का कितने प्रतिशत है ?

(1) 30% (2) 35% (3) 40% (4) 25%

31. The average monthly salary of 15 workers of factory A is ₹ 16,000 and that of 12 workers of factory B is ₹ 18,000. Then, the average monthly salary of all the 27 workers (in ₹) of the two factories is :

फैक्ट्री A के 15 श्रमिकों का औसत मासिक वेतन ₹ 16,000 है तथा फैक्ट्री B के 12 श्रमिकों का मासिक वेतन ₹ 18,000 है। तब, इन दोनों फैक्ट्रियों के सभी 27 श्रमिकों का औसत मासिक वेतन (₹ में) है :

(1) $\frac{1,48,000}{9}$ (2) $\frac{1,52,000}{9}$ (3) $\frac{1,54,000}{9}$ (4) $\frac{1,45,000}{9}$

32. A shopkeeper bought a machine for ₹ 7,50,000 and sold it at a discount of 10% on the marked price. If he suffers a loss of ₹ 30,000, then what was the marked price of the machine ?

एक दुकानदार ने ₹ 7,50,000 में एक मशीन को खरीदा तथा उसे उसके अंकित मूल्य पर 10% की छूट देकर बेच दिया। यदि उसे ₹ 30,000 की हानि होती है, तो उस मशीन का अंकित मूल्य क्या था ?

(1) ₹ 8,00,000 (2) ₹ 7,60,000 (3) ₹ 7,20,000 (4) ₹ 8,40,000

33. The ratio of two numbers is 3 : 5 and their product is 2160. Then, the sum of the two numbers is :
दो संख्याओं का अनुपात 3 : 5 है तथा उनका गुणनफल 2160 है। तब, इन दोनों संख्याओं का योग है :
(1) 96 (2) 112 (3) 120 (4) 84

34. What are the next two terms of the series 4, 8, 24, 96, ... ?
श्रेणी 4, 8, 24, 96, ... के अगले दो पद क्या हैं ?
(1) 480, 560 (2) 480, 2880 (3) 2880, 3600 (4) 384, 480

35. Which least number should be subtracted from the number 696 to make it a perfect square ?
696 में से कौन-सी न्यूनतम संख्या घटाई जानी चाहिए ताकि वह पूर्ण वर्ग बन जाए ?
(1) 15 (2) 10 (3) 4 (4) 20

36. If an operation ⊛ is such that $a \circledast b = ab - 2a + b$, then the value of $7 \circledast 1$ is :
यदि कोई संक्रिया ⊛ इस प्रकार है कि $a \circledast b = ab - 2a + b$ है, तो $7 \circledast 1$ का मान है :
(1) $-6$ (2) $-1$ (3) 1 (4) $-7$

37. Reciprocal of the sum of the reciprocals of fractions $\frac{2}{5}$ and $\frac{7}{8}$ is :
भिन्नों $\frac{2}{5}$ और $\frac{7}{8}$ के व्युत्क्रमों के योग का व्युत्क्रम है :
(1) $\frac{51}{14}$ (2) $\frac{40}{51}$ (3) $\frac{14}{51}$ (4) $\frac{51}{40}$

38. An examination consists of two papers of 140 marks and 150 marks. A candidate scored 35% marks in the first paper of 140 marks. What percent marks should be obtained by him in the second paper so as to score 50% marks in the two papers together ?
कोई परीक्षा 140 अंकों और 150 अंकों के दो प्रश्न-पत्रों की है। एक अभ्यर्थी ने 140 अंकों के प्रथम प्रश्न-पत्र में 35% प्राप्त किए। वह अभ्यर्थी दूसरे प्रश्न पत्र में कितने प्रतिशत अंक प्राप्त करे ताकि दोनों प्रश्न-पत्रों में मिलाकर उसके प्राप्त अंक 50% रहें?
(1) 64% (2) 75% (3) 96% (4) 49%

39. An 8 - digit number $62x9926y$ is divisible by 44. Then, the maximum value of $(x+y)$ is :
एक 8 - अंकीय संख्या $62x9926y$ संख्या 44 से विभाज्य है। तब, $(x+y)$ का अधिकतम मान है :
(1) 7 (2) 8 (3) 11 (4) 13

40. The value of the expression $15.76 \times 15.76 - 15.76 \times (0.52) + 0.26 \times 0.26$ is :
व्यंजक $15.76 \times 15.76 - 15.76 \times (0.52) + 0.26 \times 0.26$ का मान है :
(1) 240.25 (2) 239.45 (3) 235.45 (4) 245.25

## PART - III / भाग - III

## BASIC COMPUTER LITERACY / आरम्भिक कम्प्यूटर साक्षरता

**Direction :** *Answer the following questions (Q. Nos* **41** *to* **60**) *by selecting the correct/most appropriate options.*

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या **41** से **60**) के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।

**41.** In a Local Area Network (LAN), a Cat 6 Ethernet cable of approximately 160 meters is used to connect a network device to the server. Due to the excessive length of the cable, signal loss is occurring. Which of the following devices is most suitable to amplify and retransmit the signals between the server and the device ?

(1) Modem
(2) Firewall
(3) Repeater
(4) Plotter

एक लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) में, लगभग 160 मीटर लंबी कैट 6 ईथरनेट केबल का उपयोग एक नेटवर्क डिवाइस को सर्वर से जोड़ने के लिए किया गया है। केबल की अधिक लंबाई के कारण सिग्नल लॉस हो रहा है। निम्नलिखित में से कौन-सा उपकरण सिग्नल को बढ़ाने और पुनः प्रसारित करने के लिए सबसे उपयुक्त है?

(1) मॉडेम (Modem)
(2) फ़ायरवॉल (Firewall)
(3) रिपीटर (Repeater)
(4) प्लॉटर (Plotter)

**42.** Which of the following options correctly arranges the conventional memory units in ascending order of their storage capacities ?

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प स्मृति इकाइयों (Memory Units) को उनकी स्टोरेज क्षमता के अनुसार आरोही क्रम (Ascending Order) में सही रूप से व्यवस्थित करता है?

(1) KB<MB<TB<GB
(2) KB<MB<GB<TB
(3) MB<KB<GB<TB
(4) TB<GB<MB<KB

**43.** Which of the following practices would you avoid when creating a strong password for online accounts ?

(1) Enable two-factor authentication (2FA)
(2) Use unique passwords for each account
(3) To make it easy to remember, create a short and simple password using familiar names, numbers, or phrases
(4) Use combinations of valid characters (letters, numbers, symbols)

ऑनलाइन अकाउंट के लिए मजबूत पासवर्ड बनाते समय निम्नलिखित में से कौन-सी प्रैक्टिस से बचना चाहिए?

(1) टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA) सक्षम करना
(2) प्रत्येक अकाउंट के लिए अलग और यूनिक पासवर्ड का उपयोग करना
(3) आसानी से याद रखने के लिए परिचित नाम, अंक या वाक्यांश का उपयोग करके छोटा और सरल पासवर्ड बनाना
(4) वैध वर्णों (अक्षर, अंक, प्रतीक) का संयोजन उपयोग करना

44. Which of the following groups consists of only input devices in a computer system ?

(1) Scanner, Plotter, Microphone
(2) Scanner, Keyboard, Microphone
(3) Speaker, Keyboard, Microphone
(4) Scanner, Keyboard, Printer

निम्नलिखित में से कौन-सा समूह केवल इनपुट डिवाइस का उदाहरण है ?

(1) स्कैनर, प्लॉटर, माइक्रोफोन
(2) स्कैनर, की-बोर्ड, माइक्रोफोन
(3) स्पीकर, की-बोर्ड, माइक्रोफोन
(4) स्कैनर, की-बोर्ड, प्रिंटर

45. Which of the following is a web browser developed by Google ?

निम्नलिखित में से कौन सा वेब ब्राउज़र गूगल द्वारा विकसित किया गया है ?

(1) Google Drive
(2) Google Chrome
(3) Google Assistant
(4) Google Meet

46. To create, modify and display a presentation on Cyber Fraud, its prevention and related laws-using colored text, images, animations, videos and sound-which of the following software is most suitable ?

साइबर धोखाधड़ी उसकी रोकथाम और संबंधित कानूनों पर प्रस्तुति (Presentation) तैयार करने, संशोधित करने और प्रदर्शित करने के लिए-जिसमें रंगीन पाठ (text), चित्र, एनिमेशन, वीडियो तथा ध्वनि शामिल हों-निम्नलिखित में से कौन-सा सॉफ़्टवेयर सबसे उपयुक्त है ?

(1) MS Edge
(2) MS Teams
(3) MS Access
(4) MS PowerPoint

47. Which of the following keyboard shortcut combinations is commonly used to perform the "Paste" operation in Microsoft Windows ?

निम्न में से कौन सा कीबोर्ड शॉर्टकट संयोजन "Paste" (पेस्ट) ऑपरेशन को Microsoft Windows में करने के लिए सामान्य रूप से उपयोग किया जाता है ?

(1) Ctrl + V (2) Ctrl + P (3) Ctrl + X (4) Ctrl + C

48. In the full form of URL, what does the letter 'U' represent ?

URL का पूर्ण रूप में, अक्षर 'U' का क्या अर्थ है ?

(1) Unix (2) Universal (3) Uniform (4) User

49. Which type of network is typically created when you connect your mobile phone to another mobile phone using Bluetooth technology to transfer photos ?

जब आप अपने मोबाइल फोन को ब्लूटूथ (Bluetooth) तकनीक का उपयोग करके किसी अन्य मोबाइल फोन से फोटो स्थानांतरित करने के लिए जोड़ते हैं, तो किस प्रकार का नेटवर्क सामान्यत: बनाया जाता है ?

(1) LAN (2) MAN (3) WAN (4) PAN

50. Which organization developed ChatGPT ?
(1) Microsoft (2) OpenAI
(3) Apple (4) Google
ChatGPT को किस संगठन ने विकसित किया है ?
(1) माइक्रोसॉफ़्ट (Microsoft) (2) ओपनएआई (OpenAI)
(3) एप्पल (Apple) (4) गूगल (Google)

51. Which of the following applications is most commonly set as the default to open a file named myfile.txt in MS Windows when double-clicked ?
(1) WordPad (2) Microsoft Word
(3) Google Chrome (4) Notepad
MS Windows में myfile.txt फ़ाइल पर डबल-क्लिक करने पर निम्न में से कौन सा एप्लिकेशन आमतौर पर डिफ़ॉल्ट रूप से खुलता है ?
(1) वर्डपैड (WordPad) (2) Microsoft Word
(3) Google Chrome (4) नोटपैड (Notepad)

52. Which of the following is the most common and primary use of 'Dropbox' in a computer system ?
(1) Anti-virus Software
(2) Cloud Storage
(3) Operating System
(4) Web Browser
निम्नलिखित में से 'Dropbox' का कंप्यूटर प्रणाली में सबसे सामान्य और मुख्य उपयोग कौन-सा है ?
(1) एंटी-वायरस (Anti-virus) सॉफ़्टवेयर
(2) क्लाउड स्टोरेज (Cloud Storage)
(3) ऑपरेटिंग सिस्टम (Operating System)
(4) वेब ब्राउज़र (Web Browser)

53. Which of the following file extensions is commonly used for storing audio files ?
निम्नलिखित में से कौन-सा फ़ाइल एक्सटेंशन (file extension) सामान्यत: ऑडियो (Audio) फ़ाइलों को सेव (Save) करने के लिए उपयोग किया जाता है ?
(1) .jpg (2) .wav (3) .png (4) .pdf

54. Which of the following is **not** a cloud-based video conferencing and communication platform that allows users to conduct online meetings, webinars and virtual collaborations ?
निम्न में से कौन सा एक क्लाउड-आधारित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और कम्यूनिकेशन प्लेटफ़ॉर्म नहीं है, जो उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन मीटिंग्स, वेबिनार और वर्चुअल सहयोग करने की सुविधा देता है ?
(1) Google Meet (2) Microsoft Teams
(3) Zoom (4) Microsoft Access

55. Which keyboard shortcut is used to close the currently open document in Microsoft Word ?
Microsoft Word में वर्तमान में खुले दस्तावेज़ को बंद करने के लिए कौन सा कीबोर्ड शॉर्टकट उपयोग किया जाता है ?
(1) Ctrl + Q (2) Ctrl + S (3) Ctrl + N (4) Ctrl + W

56. Which protocol is used to create a secure connection between a web browser and a website so that all data is encrypted ?

कौन सा प्रोटोकॉल वेब ब्राउजर और वेबसाइट के बीच सुरक्षित कनेक्शन बनाने के लिए उपयोग किया जाता है, ताकि सभी डेटा एन्क्रिप्टेड रहे ?

(1) http (2) https (3) www (4) ftp

57. Which of the following can be used to create a logical computer program that performs a task on a computer ?

निम्नलिखित में से किसका उपयोग एक तर्क (logical) - आधारित कंप्यूटर प्रोग्राम (computer program) बनाने के लिए किया जा सकता है, जो कंप्यूटर पर कोई कार्य संपन्न करता है ?

(1) Python (2) Premier (3) Audacity (4) Edge

58. Which of the following is **not** an example of an open-source operating system ?

(1) Linux (2) Ubuntu (3) Android (4) iOS

निम्नलिखित में से कौन-सा ओपन सोर्स (open-source) ऑपरेटिंग सिस्टम का उदाहरण नहीं है ?

(1) लिनक्स (Linux) (2) उबुन्टू (Ubuntu) (3) एंड्रॉइड (Android) (4) आईओएस (iOS)

59. Which of the following is an example of volatile memory in a computer system ?

(1) RAM (2) ROM

(3) Cloud Storage (4) Pen Drive

निम्नलिखित में से कौन-सा कंप्यूटर प्रणाली में अस्थायी स्मृति (Volatile Memory) का उदाहरण है ?

(1) रैम (RAM) (2) रोम (ROM)

(3) क्लाउड स्टोरेज (Cloud Storage) (4) पेन ड्राइव (Pen Drive)

60. Which of the following is a primary function of an operating system in a computer ?

(1) Browsing the internet and emails

(2) Editing documents and spreadsheets

(3) Designing graphics and presentations

(4) Managing hardware and software resources

निम्न में से कौन सा कंप्यूटर में ऑपरेटिंग सिस्टम का मुख्य कार्य है ?

(1) इंटरनेट और ईमेल ब्राउज करना

(2) डॉक्यूमेंट्स और स्प्रेडशीट संपादित करना

(3) ग्राफिक्स और प्रेजेंटेशन डिज़ाइन करना

(4) हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर संसाधनों का प्रबंधन करना

## PART - IV / भाग - IV

## GENERAL KNOWLEDGE / सामान्य ज्ञान

*Direction : Answer the following questions (Q. Nos 61 to 80) by selecting the correct/most appropriate options.*

*निर्देश :* निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 61 से 80) के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।

61. When an air mass is fully lifted above the land surface, it is called :
   (1) Warm front (2) Occluded front (3) Stationary front (4) Cold front

   जब किसी वायु द्रव्यमान को भू पृष्ठ से पूरी तरह उपर उठाया जाता है तो यह कहलाता है :
   (1) वार्म फ्रंट (2) अक्लूडेड फ्रंट (3) स्टेशनरी फ्रंट (4) कोल्ड फ्रंट

62. Consider the following statements regarding the Godel Prize and identify the incorrect statement :
   (1) Godel Prize is named in the honor of theorist Kurt Godel.
   (2) The 2025 Godel Prize has been jointly awarded to Eshan Chattopadhyay and David Zuckerman.
   (3) Godel Prize 2025 also includes an award of five thousand US dollars.
   (4) The Royal Mathematical Society, Norway, awards the Annual Godel Prize in the field of Theoretical Computer Science.

   गोडेल पुरस्कार के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और **गलत** कथन को चिन्हांकित कीजिए।
   (1) गोडेल पुरस्कार सिद्धांतवेत्ता कुर्ट गोडेल के सम्मान में उनके नाम पर रखा गया है।
   (2) वर्ष 2025 को गोडेल पुरस्कार संयुक्त रूप से ईशान चटोपाध्याय और डेविड जूकरमैन को दिया गया है।
   (3) गोडेल पुरस्कार, 2025 में पाँच हजार अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार भी शामिल है।
   (4) दि रॉयल मैथेमेटिकल सोसायटी, नार्वे थियोरेटिकल कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में वार्षिक गोडेल पुरस्कार देती है।

63. Which of the following countries are part of G20 ?
   (a) Saudi Arabia (b) Indonesia (c) Thailand (d) Singapore

   Choose the **correct** answer :
   (1) Only (b) and (c) (2) Only (a) and (b)
   (3) Only (c) and (d) (4) Only (a) and (d)

   निम्नलिखित में से कौन से देश जी-20 में शामिल हैं ?
   (a) सउदी अरब (b) इंडोनेशिया (c) थाइलैंड (d) सिंगापुर

   **सही उत्तर चुनिए :**
   (1) केवल (b) और (c) (2) केवल (a) और (b)
   (3) केवल (c) और (d) (4) केवल (a) और (d)

64. Consider the following statements about the United Nations 'World Summit for Social Development' :

(A) The first World Summit was organized in Kyoto in 1997.

(B) The second World Summit is being organized in November 2025, in Doha.

Choose the correct answer :

(1) Only (B) is correct
(2) Both (A) and (B) are correct
(3) Neither (A) nor (B) is correct
(4) Only (A) is correct

संयुक्त राष्ट्र 'सामाजिक विकास के लिए विश्व शिखर सम्मेलन' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

(A) प्रथम विश्व शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ष 1997 में क्योटो में हुआ था।

(B) द्वितीय विश्व शिखर सम्मेलन का आयोजन नवम्बर, 2025 में दोहा में होगा।

सही उत्तर चुनिए :

(1) केवल (B) सही है।
(2) (A) और (B) दोनों सही हैं।
(3) न तो (A) न (B) सही है।
(4) केवल (A) सही है।

65. Which writ is issued by a higher court to a lower court to quash the decision made by a lower court ?

(1) Mandamus
(2) Certiorari
(3) Prohibition
(4) Habeas Corpus

अधीनस्थ न्यायालय के निर्णय को खारिज (निरस्त) करने के लिए उच्चतर न्यायालय द्वारा अधीनस्थ न्यायालय को निम्नलिखित में से कौन सी रिट जारी की जाती है ?

(1) परमादेश
(2) उत्प्रेषण
(3) प्रतिषेध
(4) बंदी प्रत्यक्षीकरण

66. What is the Repo Rate in India ?

(1) The maximum limit fixed by RBI on the rate of interest that commercial banks can charge on personal loans.
(2) The minimum percentage of deposits that commercial banks must keep with the RBI.
(3) The interest rate charged by banks for inter-bank transactions.
(4) The rate at which the RBI lends money to commercial banks.

भारत में रेपो रेट का तात्पर्य निम्नलिखित में से किससे है?

(1) वाणिज्यिक बैंक वैयक्तिक ऋण पर अधिकतम कितना ब्याज प्रभारित कर सकता है उस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियत सीमा।
(2) वाणिज्यिक बैंकों को अनिवार्यत: भारतीय रिजर्व बैंक में रखे जानेवाले निक्षेप का न्यूनतम प्रतिशत।
(3) अन्त: बैंक संव्यवहार (लेनदेन) के लिए बैंकों द्वारा प्रभारित ब्याज दर।
(4) जिस दर पर भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को उधार देती है।

67. Which of the following is a Private National School Education Board ?
(1) Council for the Indian School Certificate Examination (CISCE)
(2) Maharshi Sandipani Rashtriya Veda Sanskrit Shiksha Board, Ujjain
(3) National Institute of Open Schooling (NIOS)
(4) Central Board of Secondary Education (CBSE)

निम्नलिखित में से कौन सा निजी राष्ट्रीय स्कूली शिक्षा बोर्ड है ?
(1) भारतीय स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सी आई एस सी ई)
(2) महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन
(3) राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान (एन आई ओ एस)
(4) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी बी एस ई)

68. Who was the Chairperson of the States Reorganisation Commission of India, set up in 1953 ?
(1) H. Kania (2) Fazl Ali (3) B.R. Ambedkar (4) K.M. Munshi

वर्ष 1953 में गठित भारतीय राज्य पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?
(1) एच. केनिया (2) फज़ल अली (3) भीम राव अम्बेडकर (4) के.एम. मुंशी

69. Nearly all Ice Shelves are in :
(1) Antarctica (2) Arctic (3) Scandinavia (4) Greenland

प्राय: सभी आइस शेल्फ __________ में होते हैं।
(1) अंटार्कटिक (2) आर्कटिक (3) स्कैंडेनेविया (4) ग्रीनलैंड

70. Which two new indicators have been added to India's National Multidimensional Poverty Index (MPI) apart from the 10 indicators adopted from the Global MPI ?
(1) Maternal Health and Bank Account
(2) Access to Electricity and Internet services
(3) Labour Force participation rate and Unemployment rate
(4) Gender social norms and Adult Literacy

भारत के राष्ट्रीय बहु-आयामी निर्धनता सूचकांक में वैश्विक बहु आयामी निर्धनता सूचकांक से अंगीकृत 10 सूचकों के अलावा किन दो नए सूचकों को जोड़ा गया है ?
(1) प्रसूति स्वास्थ्य और बैंक खाता
(2) विद्युत और इंटरनेट सेवा की उपलब्धता
(3) श्रमिक बल भागीदारी दर और बेरोजगारी दर
(4) जेंडर सामाजिक प्रतिमान और वयस्क साक्षरता

71. The 101st Constitutional Amendment Act, passed in 2016 is related to which of the following ?

(1) Special constitutional status to Delhi (NCT) with legislative assembly
(2) Introduction of 10% EWS reservation
(3) Introduction of Goods and Services Tax
(4) Abolition of Planning Commission and creation of NITI Aayog

वर्ष 2016 में पारित 101वां संविधान संशोधन अधिनियम निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

(1) विधानसभा सहित दिल्ली (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) को विशेष संवैधानिक दर्जा दिया जाता
(2) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के लिए 10% आरक्षण का उपबंध
(3) माल और सेवा कर का पुरःस्थापन
(4) योजना आयोग का उत्सादन और नीति आयोग का सृजन

72. The implementation duration for the ULLAS Scheme, also known as New India Literacy Programme (NILP) is :

(1) FYs 2022-2027 (2) FYs 2023-2028
(3) FYs 2024-2029 (4) FYs 2021-2026

उल्लास योजना जिसे नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (एन आई एल पी) के नाम से भी जाना जाता है, के कार्यान्वयन की समयावधि है :

(1) वित्तीय वर्ष 2022-2027 (2) वित्तीय वर्ष 2023-2028
(3) वित्तीय वर्ष 2024-2029 (4) वित्तीय वर्ष 2021-2026

73. Which type of Innate Immunity barriers are 'Acid in the stomach' and 'saliva in the mouth' ?

(1) Cytokine (2) Physical
(3) Physiological (4) Cellular

किस प्रकार के अंतर्जात उन्मुक्तता अवरोधक 'आमाशय मे अम्ल' और 'मुख में लार' होते हैं ?

(1) सायटोकिन (2) फिजीकल (भौतिक)
(3) फिजियोलोजिकल (शरीरक्रियात्मक) (4) सेल्युलर

74. Metals possess :

(1) Moderate resistivity (2) High resistivity
(3) Low conductivity (4) Very low resistivity

धातुओं में होती है :

(1) मध्यम प्रतिरोधात्मकता (2) उच्च प्रतिरोधात्मकता
(3) न्यून चालकता (4) अति न्यून प्रतिरोधात्मकता



4008085 4008085 4008085

75. Which of the following pairs was awarded the Sahitya Akademi Yuva Puraskar, 2025 in Tamil language ?

| | (Author) | | (Book) |
|---|---|---|---|
| (1) | Muthurasa Kumar | – | 'Kangu' |
| (2) | Vairavan L R | – | 'Pattar-Pi' |
| (3) | Latshmihar | – | 'Kuttonru Kutiru' |
| (4) | A Prakash | – | 'Kinathu Mettu Panamaram' |

तमिल भाषा की श्रेणी में निम्नलिखित में से किस युग्म को साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार, 2025 में विभूषित किया गया ?

| | ( लेखक ) | | ( पुस्तक ) |
|---|---|---|---|
| (1) | मुथुरासा कुमार | – | 'कांगू' |
| (2) | वैरावण एल आर | – | 'पट्टर-पाई' |
| (3) | लत्शमीहर | – | 'कुट्टोनरू कुटीरू' |
| (4) | ए. प्रकाश | – | 'किनथू मेट्टू पनामरम्' |

76. Who is the first Indian translator to win the International Booker Prize ?

(1) Geetanjali Shree (2) Jhumpa Lahiri
(3) Arundhati Roy (4) Deepa Bhasthi

अन्तरराष्ट्रीय बूकर पुरस्कार जीतनेवाली पहली भारतीय अनुवादक है :

(1) गीतांजलि श्री (2) झुम्पा लहिरी
(3) अरुंधती राय (4) दीपा भस्थी

77. Which of the following pairs of Bilateral Naval Exercise and the countries is not matched correctly ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | SIMBEX | - | India and Singapore |
| (2) | VARUNA | - | India and Vietnam |
| (3) | JIMEX | - | India and Japan |
| (4) | SLINEX | - | India and Sri Lanka |

निम्नलिखित में से कौन सा द्विपक्षीय नौसेना युद्धाभ्यास और देश का युग्म सुमेलित नहीं है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | सिम्बेक्स | - | भारत और सिंगापुर |
| (2) | वरूण | - | भारत और वियतनाम |
| (3) | जाइमेक्स | - | भारत और जापान |
| (4) | स्लीनेक्स | - | भारत और श्रीलंका |

40080885

78. Among the following, which is an s-block element ?

(1) Helium (He) (2) Neon (Ne) (3) Argon (Ar) (4) Lithium (Li)

निम्नलिखित में से s-ब्लॉक का तत्व कौन सा है ?

(1) हीलियम (He) (2) नियॉन (Ne) (3) आर्गन (Ar) (4) लीथियम (Li)

79. Between 1819 and 1926, the princely state of Bhopal was ruled by four women rulers. Who among the following was one of the four rulers ?

(1) Mubarak Begum (2) Razia Begum

(3) Bilqis Begum (4) Sikander Begum

वर्ष 1819 और 1926 के मध्य भोपाल के रियासती राज्य पर चार महिला शासकों ने शासन किया। निम्नलिखित में से कौन उन चार शासकों में से एक थीं ?

(1) मुबारक बेगम (2) रजिया बेगम

(3) बिल्क्सि बेगम (4) सिकंदर बेगम

80. Which of the following pairs of Arjuna Awardees for the year 2024 and their discipline, is incorrectly matched ?

| | (Sports Person) | (Discipline) |
|---|---|---|
| (1) | Ms Saweety | Boxing |
| (2) | Ms Nitu | Para Athletics |
| (3) | Ms Jyothi Yarraji | Athletics |
| (4) | Ms Annu Rani | Athletics |

वर्ष 2024 के अर्जुन पुरस्कार विजेता और उनकी विधाओं के निम्नलिखित युग्म में कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

| | ( खिलाड़ी ) | ( विधा ) |
|---|---|---|
| (1) | सुश्री स्वीटी | बॉक्सिंग |
| (2) | सुश्री नीतू | पारा एथलेटिक्स |
| (3) | सुश्री ज्योति यार्राजी | एथलेटिक्स |
| (4) | सुश्री अन्नू रानी | एथलेटिक्स |

## PART - V

## LANGUAGE COMPETENCY TEST - ENGLISH

*Direction* *Answer the following questions (Q. Nos 81 to 90) by selecting the correct/most appropriate options.*

81. Identify the Clause of the underlined part of the given sentence.

This is the building which was constructed in the year 1942.

(1) Noun Clause
(2) Adjective Clause
(3) Adverb Clause
(4) Principal Clause

82. Choose the option in which the voice in the given sentence has been correctly changed.

One may accomplish many things by a little effort.

(1) Many things may be accomplished by a little effort.
(2) By a little effort, one may accomplish many things.
(3) Many things can be accomplished by a little effort by one.
(4) A little effort may accomplish many things.

83. Choose the option opposite in meaning to the word given below.

EXPAND

(1) Minimise (2) Magnify (3) Maximize (4) Contract

84. Choose the option to fill in the blank with a suitable article (if required) in the given sentence.

Her knowledge of medicine was acquired under ______ aged Jewess.

(1) an (2) a (3) no article (4) the

85. Identify the part of speech of the underlined word in the following sentence.

She pronounced the word quite correctly.

(1) Conjunction (2) Adverb (3) Adjective (4) Preposition

86. Identify the meaning of the underlined **idiom** used in the given sentence.

The present disturbances will soon blow over.

(1) Pass out (2) Pass by (3) Pass into (4) Pass off

87. One of the parts of the following sentence may or may not have an error. Identify the one with the error.

'Daffodils' is a well – known poem (a), written by William Wordsworth (b), which has got all the essential elements (c) in good poetry (d).

(1) (b) (2) (c) (3) (d) (4) (a)

88. Choose the option which correctly fills in the blank.

Don't loiter ________ the street.

(1) in (2) about (3) into (4) on

89. Choose the option nearest in meaning to the word given below.

OBLIVION

(1) Unconsciousness (2) Forgetfulness

(3) Lifelessness (4) Haziness

90. Choose the option in which the following jumbled groups of words can be correctly rearranged to form a meaningful sentence :

(a) and market value of the product

(b) as an entrepreneur,

(c) if you want to establish yourself

(d) you should be aware of the latest business strategies

(1) (c), (b), (d), (a) (2) (a), (b), (d), (c)

(3) (b), (d), (a), (c) (4) (d), (a), (b), (c)

## PART - VI
## LANGUAGE COMPETENCY TEST - HINDI

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 91 से 100) के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।

91. 'जिसका अंत न हो' के लिए एक शब्द है :
(1) उपयुक्त (2) आदि (3) अनुपम (4) अनंत

92. 'ऊँची' विशेषण के लिए सही भाव व्यक्त करने वाले उपयुक्त विशेष्य का चयन करें :
(1) व्यक्ति (2) मीनार (3) अनुभव (4) समुद्र

93. निम्नलिखित में विलोमार्थी शब्द-युग्म की पहचान करें -
(1) सुख - शान्ति (2) सरल - जटिल (3) जय - विजय (4) हर्ष - उल्लास

94. "गाछ अपने फूलों में शहद का संचय करके रखते हैं।"
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द का अर्थ है :
(1) तना, टहनियाँ (2) वृक्ष, पौधे (3) दूब, घास (4) जड़ें, पत्तियाँ

95. "पत्र में वर्णन और अनुभव बाँटने का गुण रहता है"
उपर्युक्त वाक्य के लिए सही विरामचिह्न का चयन करें :
(1) ? (2) ! (3) ; (4) ।

96. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य व्याकरणिक दृष्टि से सही है?
(1) पेड़ों पर मुस्कराते फूल देखकर हमें कितनी खुशी होती है!
(2) पेड़ों पर मुस्कराते फूलों देखकर हमें कितनी खुशी होती है!
(3) पेड़ों पर मुस्कराते फूल देखकर हम कितनी खुशी होती है!
(4) पेड़ों में मुस्कराते फूल देखकर हमें कितनी खुशी होती है!

97. 'घुड़सवार' शब्द में तत्पुरुष समास के नियम की दृष्टि से किस विभक्ति (परसर्ग) का लोप है?
(1) पर (2) की (3) के (4) में

98. 'प्रस्तुत निबंध में लेखक ने बहुत ही सटीक और ________ शैली में वर्णन किया है।'
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त-स्थान की पूर्ति सही वर्तनी वाले शब्द से करें।
(1) वयंग्यात्मक (2) व्यंगात्मक (3) व्यंग्यातमक (4) व्यंग्यात्मक

99. 'हिमांशु का परिवार अतिथियों का स्वागत करने के लिए ________।'
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त-स्थान के लिए सही मुहावरे का चयन करें :
(1) आँखें बिछाए बैठा है। (2) खरी-खोटी सुना रहा है।
(3) कान लगाकर सुन रहा है। (4) आग में घी डाल रहा है।

100. 'भावार्थ' का संधि-विच्छेद है :
(1) भाव + वार्थ (2) भाव + अर्थ (3) भा + अर्थ (4) भा + वार्थ